नगर आयुक्त ने स्मार्ट सिटी के अंतर्गत स्मार्ट रोड बनवाये जाने हेतु स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को किया निर्देशित

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के द्वारा नगर निगम को राज्य स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत विकसित किया जा रहा है, जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह, नगर निगम के अन्य अधिकारियों व पी०डब्लू०डी० के सहायक अभियंता, अवर अभियंता के साथ सुभाषनगर कॉलोनी से रिंग रोड तक स्मार्ट रोड बनवाये जाने के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत सुभाशनगर कॉलोनी से रिंग रोड तक जोड़ने के लिये लगभग 950 मीटर तक बनने वाले स्मार्ट रोड के लिये कार्ययोजना शीघ्र तैयार कराकर प्रस्तुत करने के लिये पी०डब्लूडी० के अभियंताओं को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत विभिन्न पहलुओं को कार्ययोजना में समायोजित किये जाने हेतु पी०डब्लूडी० के अभियंताओं को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण आशीश त्रिवेदी, सहायक अभियंता विपुल कुमार, अवर अभियंता मनोज कुमार व पी०डब्लू०डी० के सहायक अभियंता अजय कुमार, अवर अभियंता एस०पी० पाण्डेय उपस्थित रहें।